

# नर्मदा में उफान





**अब कुल 13 गेटों से छोड़ा जा रहा पानी**

# बरगी बांध के 4 गेट और खोले गए

**जबलपुर। रानी अवंती बाई सागर परियोजना के तहत बने बरगी बांध में पानी की आवक बढ़ने के बाद सोमवार की शाम 4 बजे 4 गेट और खोल दिए गए, इस तरह से अब कुल बांध के 13 गेट खुल गए है। रविवार को 9 गेट खोले गए थे।**



बरगी बांध के कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह गौंड से प्राप्त जानकारी के अनुसार कैचमेंट एरिया में भारी बारिश की वजह से बढ़ते जल स्तर को नियंत्रित करने सोमवार की शाम 4 बजे बरगी बांध से जल निकासी की मात्रा 52 हजार 195 क्यूसेक से बढाकर 1 लाख 78 हजार 023 क्यूसेक की गई है। इसके लिये बांध के चार और गेट खोले गए तथा सभी 13 गेटों को औसत ऊंचाई 3.11 मीटर कर दी गई है।

### नर्मदा का जलस्तर बढ़ा

बरगी बांध के गेट खुलने के बाद नर्मदा नदी के जलस्तर में उछाल आ गया है। गौरीघाट, तिलवाराघाट, भेड़ाघाट, धुआंधार, का जलस्तर 5 से 7 फुट बढ़ गया है। गौरीघाट में सड़क तक पानी आ गया है। बाढ़ की वजह से धुआंधार के धार की लंबाई घट गई।

### निचले क्षेत्रों में अलर्ट

बरगी बांध के गेट खुलने के बाद जलभराव क्षेत्र और निचले क्षेत्र के रहवासियों को मुनादी कराकर सायरन बजाकर अलर्ट किया गया। कहा गया कि लोग घाटो से दूर रहे किसी भी तरह की रिस्क न ले। नर्मदा तट एवं घाटों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की गई है।

## रुक-रुककर झमाझम बारिश का दौर जारी



पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। जिसके प्रभाव से अगले 24 घंटों के दौरान जबलपुर संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारे पड़ सकती हैं। पिछले 1 हफ्ते से सूर्यदेव बादलों की ओट में छिपे है। पिछले तीन दिनों से लगातार रुक रुककर बारिश हो रही है। सोमवार को भी सुबह और दोपहर में झमाझम बारिश हुई और उसके बाद मौसम खुल गया, हल्की धूप भी निकल आई। तापमान में भी गिरावट आई है। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से जानकारी के अनुसार पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर बना हवा के कम दबाव का क्षेत्र प्रभावी होने से पिछले दिनों शहर में जोरदार बारिश हुई, उसके बाद से पिछले कई दिनों से आसमान पर बादल छाए हुए हैं। सोमवार को कुछ देर के लिए बादलों को चीरकर सूर्यदेव ने दर्शन दिये और जल्दी ही फिर बादल छाये। इससे वातावरण में नमीं बनी हुई है। जोरदार बारिश के दौर के बाद पानी की फुरफुराहट और कभी मध्यम गति की बारिश का दौर जारी है। जिससे पानी में घुलकर नम हुई हवाएं ठंडक का एहसास करा रही हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम न्यूनतम तापमान 22.7 डिग्री सामान्य से 7 डिग्री दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 93 प्रतिशत और सायंकाल 93 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.31 व सूर्यास्त 7.00 बजे हुआ। पिछले 24 घंटों में कुल वर्षा 22.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 413.1 मिमी (लगभग 16.2 इंच) दर्ज की जा चुकी है, जबकि गत वर्ष आज के दिन 4.5 मिमी वर्षा हुई थी, जबकि कुल वर्षा का आकंड़ा 222.7 मिमी दर्ज की जा चुकी थी। पिछले वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 33.03 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री दर्ज किया गया था।

# किसान की संदिग्ध हालात में मौत से आक्रोश

**जबलपुर।**

जिले के ग्राम बेलखेड़ी में किसान लोचनसिंह लोधी की सोमवार को इलाज के दौरान मेडिकल अस्पताल में मौत हो गई। इस मामलें में परिजनों को आरोप है कि मृतक लोचनसिंह के साथ पुलिस ने मारपीट की थी, उसकी जब हालत बिगड़ी तो पुलिस कर्मी उसे मेडीकल में छोड़कर भाग गए। उधर बेलखेड़ा पुलिस ने इस आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा था कि मृतक एक महिला की मौत के मामलें संदेही था और किसी जहरीली वस्तु का सेवन करने के बाद गंभीर हालत में थाने आया था, यहां पर उसकी हालत को देखते हुए मेडीकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। थानाप्रभारी गाजीवती पुसाम ने आरोपों को नकारते हुए कहा है कि ग्राम बेलखेड़ी निवासी किसान 1 जून 2025 को ग्राम बेलखेड़ी निवासी 60 वर्षीय कल्लूबाई द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामलें में संदेही था। पुलिस को जांच के दौरान पता चला था कि लोचनसिंह लोधी व उसका साथी प्रदीप का महिला के घर आना जाना था। मामले में पूछताछ के पुलिस द्वारा दोनों को थाना बुलाया जा रहा था। इधर दूसरी ओर परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने पूछताछ के लिए 1 जुलाई से 4 जुलाई तक लोचन को हिरासत में ले रखा था और उसके साथ मारपीट की जा रही थी, जब वह घर आया तो वह डरा हुआ था। इसकी तबियत बिगड़ने पर उसे मेडीकल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का दावा है कि इलाज के दौरान परिजनों ने एक वीडियो बनाया था जिसमें लोचन ने आरोप लगाए कि पुलिस पूछताछ के लिए थाना बुलाती और मारपीट करती रही। किसान लोचनसिंह की मौत से आक्रोशित परिजनों ने एसपी आफिस पहुंचकर जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग की है। मृतक के भाई रूपसिंह ने बताया कि उसका भाई खेती-किसानी करता था। कल्लू बाई की मौत के मामले में पुलिस को लोचन व प्रदीप पर शक था। 1 जुलाई को पुलिस लोचन को पकड़कर थाने लाई और 4 जुलाई तक थाने में रखा और फिर छोड़ दिया।

**पुलिस पर लगाए मारपीट के आरोप**

### थाना आया, पूछने पर कहा कुछ खाकर आया है

बेलखेड़ा थाना प्रभारी गाजीवती पुसाम का कहना है कि उसे 5 जुलाई को पूछताछ के लिए थाने बुलाया था, इसके बाद छोड़ दिया था। 6 जुलाई की दोपहर वह बाइक से थाने आया सभी से नमस्ते किया। जब पूछा कि आज क्यों आया तो किसान लोचनसिंह ने कहा कि कुछ खाकर आया है। इसके बाद थाना परिसर में उल्टी करने लगा। थाना प्रभारी ने बताया कि तबीयत बिगडऩे पर लोचन सिंह को बेलखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां से हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। उसके परिजनों को सूचना दी गई।

# नियमविरुद्ध संचालित अस्पतालों के खिलाफ क्या-क्या कार्रवाई की गई

**जबलपुर।**

मप्र हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा कि नियमविरुद्ध संचालित अस्पतालों के खिलाफ क्या-क्या कार्रवाई की गई । एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने इस संबंध में स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। कोर्ट शहर के न्यू लाइफ अस्पताल में हुए बहुचर्चित अग्निकांड की उच्च स्तरीय जांच कमेटी की रिपोर्ट पुलिस को सौंपने के निर्देश दिए। कोर्ट ने याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत प्रश्नावली के जवाब देने 2 सप्ताह की मोहलत दी ।लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की ओर से कोरोना काल के समय धड़ल्ले से खोले गये अस्पतालों के मामले में वर्ष 2022 में दायर जनहित याचिका दायर की थी। इसमें नियम विरुद्ध तरीके से निजी अस्पताल संचालन की अनुमति प्रदान किये जाने को चुनौती दी गयी थी। याचिका में कहा गया था कि नियमों को ताक में रखकर, नेशनल बिल्डिंग कोड, फायर सेफ़्टी के नियम, बिल्डिंग कम्प्लीशन सर्टिफ़िकेट की अनदेखी कर, आगज़नी की स्थिति में दमकल वाहन के लिये 6 मीटर खुला क्षेत्र सहित पार्किंग स्पेस की उपलब्धता देखे बगैर कई अस्पतालों को लायसेंस जारी किए गए हैं।

**हाईकोर्ट ने मांगी स्टेट्स रिपोर्ट**

### हादसे के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई

मामले के लंबित रहने के दौरान अगस्त 2022 में न्यू लाइफ अस्पताल में हुए अग्नि हादसे में 8 व्यक्तियों की दर्दनाक मौत हो गयी थी। आपातकालीन द्वार नहीं होने के कारण लोग बाहर तक नहीं निकल पाए। राज्यशासन द्वारा बनायी गई उच्च स्तरीय जाँच समिति ने भी तत्कालीन अधिकारियों को दोषी पाया था, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई।

## दो असहाय व निराश्रित वृद्ध महिलाओं का पुनर्वास कराया

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने शहर में दो असहायत व निराश्रित वृद्ध महिलाओं से संबधित समाचार पर संज्ञान लिया। इसी के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरा को कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद खमरिया व पनागर थाना के बीच ग्राम घाना के वन क्षेत्र में खाट व पन्नी से बने अस्थायी निवासी में रहने की जानकारी मिली। दूसरी वृद्धा क्यू टाइप खमरिया बाजार के समीप पन्नी से निर्मित टपरी में निवास कर रही थी। दोनों असहाय निराश्रित वृद्धाएं बिना छत के बरसात में भीगती हुई अपना जीवन-यापन कर रही थीं। जिला विधिक सेवा प्रारिकरण की सचिव शक्ति वर्मा ने बलिराम रजक पूर्व सरपंच घाना व राजेश अहिरवार एएसआई खमिरिया थाना, बाल कल्याण अधिकारी से संपर्क साधा। इस तरह पहली असहाय वृद्धा धनमत ग्वाल उर्फ मुन्नी पति सुखलाल, जो कि बिलासपुर की निवासी है, का वन क्षेत्र चकरघटा, घाना हनुमान मंदिर के बाजू में पुनर्वास किया। दूसरी असहाय वृद्धा, जिसका नाम हल्की बाई है, कुंडम की रहने वाली है। उसका क्यू टाईप, खमरिया बाजार के सामने से पुनर्वास किया गया। पहले दोनों असहाय वृद्धाओं को निराश्रित वृद्धाश्रम, मेडिकल रोड ले जाया गया। जहां पर मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अतिरिक्त सचिव अरविन्द श्रीवास्तव की उपस्थिति में दोनों वृद्धाओं के पुनर्वास का निर्धारण किया गया। इस दौरान अनुज शर्मा, हाउस मास्टर, बाल सम्प्रेक्षण गृह, गोकलपुर व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय के कार्यालयीन स्टाफ अमर कुमार बर्मन, अजय महोबिया व अविनाश कुमार चौधरी उपस्थित रहे।

**गुणवत्तापूर्ण काम करने लोक निर्माण मंत्री ने कान्ट्रैक्टर और अधिकारियों को दी हिदायत**

# सड़कों के रिस्टोरेशन में कोताही पर मंत्री सख्त

**जबलपुर।**

पश्चिम विधानसभा अंतर्गत कटंगा तिराहे से ग्वारीघाट के बीच चल रहे सीवर लाइन एवं अमृत योजना 2.0 के निर्माण कार्यों में मिल रही लगातार शिकायतो के चलते लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने सोमवार को अचानक अपने कार्यक्रम बदलते हुये औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने काम की गुणवत्ता पर अधिकारियों को और कान्ट्रैक्टर को कड़ी हिदायत दी. उन्होंने निगमायुक्त प्रीति यादव का निर्देशित किया की सड़कों के रीस्टोरेशन का काम पूरी गुणवत्ता के साथ करवाना सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने कहा की रीस्टोरेशन में यदि गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया गया तो वाईट टापिंग की सड़क धसकने के हालात बनेंगे, उन्होंने कहा की निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा. निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रीति यादव, अधीक्षण यंत्री नगर निगम कमलेश श्रीवास्तव व अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित थे।लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया की अमृत 2.0 योजना के तहत विस्तारीकरण का काम किया जा रहा है, इसको लेकर उन्हें लगातार शिकायतें मिल रहीं थीं. शहर के लोग धीमी गति के काम को लेकर परेशान हैं, वहीं गुणवत्ता की भी शिकायतें प्राप्त हो रहीं थीं. जिनमे प्रमुख रूप से सीवर लाइन डालने के बाद जो रिस्टोरेशन का कार्य किया जा रहा है उसमे मिट्टी और मलबा डालकर उसे किया जा रहा था, शिकायत मिलने पर लोक निर्माण मंत्री ने औचक निरीक्षण किया।



श्री सिंह ने कहा जिस मार्ग का निरीक्षण किया है इस सड़क को व्हाइट टॉपिंग तकनीक से बनाया जाना है और यदि सीवर लाइन के बाद रिस्टोरेशन का कार्य गुणवता युक्त नही होगा तो भविष्य में सड़क धसने और गड्ढे होने की संभावना होगी जिससे व्हाइट टॉपिंग सड़क के निर्माण में भी परेशानी का सामना करना होगा। निरीक्षण के दौरान पाया कि इन निर्माण कार्यों को जिस ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है उसे नगर निगम द्वारा पूर्व में भी नोटिस दिया गया है. मंत्री श्री सिंह ने अधिकारियो को भी हिदायत दी है कि यदि इस तरह से कार्य होगा तो ठेकदार और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। श्री सिंह ने कहा केंद्र और प्रदेश सरकार जनता की मूलभूत सुविधाओं के लिए प्रतिबद्ध है और हमारी कोशिश है कि चाहे सड़के हो, या अन्य इन्फ्रास्टाकचर के कार्य सभी गुणवत्ता युक्त हो और यदि इसमें किसी भी तरह की कोताही बरती जाएगी तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और इसके लिए जो भी जिम्मेदार होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही होगी।

## हाईकोर्ट ने कलेक्टर को दिया अल्टीमेटम

# 10 दिनों में हटाओ ट्रांसपोर्ट नगर के अतिक्रमण

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने ट्रासपाट नगर, चंडाल भाटा में हुए अवैध कब्जों को हटाने की मांग को लेकर दायर याचिका पर गंभीरता दर्शाई। जस्टिस अतुल श्रीधरन वो जस्टिस दीपक खोत की डिविजन बेंच के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना को कोर्ट ने जमकर फटकार लगाई।कोर्ट ने 2019 से लंबित चल रहे इस मामले में प्रशासनिक सुस्ती पर गहरी आपत्ति जताई और कहा कि अब और बहाने नहीं चलेंगे।



कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट को बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई चल रही है, लेकिन कुछ मामले सिविल कोर्ट में लंबित हैं।कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि 15 दिन के भीतर अतिक्रमण हटा लिए जाएंगे। लेकिन, कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए सिर्फ 10 दिन का अल्टीमेटम दिया। कहा कि 18 जुलाई 2025 तक ट्रांसपोर्ट नगर के सभी अवैध अतिक्रमण हटा दिए जाएं। अन्यथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जस्टिस श्रीधरन ने यह भी कहा कि यदि तय समयसीमा में अतिक्रमण नहीं हटाने पर कलेक्टर को दोबारा कोर्ट के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना पड़ेगा।

ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी संघ के राजेश अग्रवाल बबलू द्वारा यह याचिका दायर की गई थी। याचिका में बताया गया कि नगर निगम जबलपुर ने 1992 में ग्राम माढ़ोताल के चंडालभाटा क्षेत्र के खसरा क्रमांक 153 और 154 की 38 एकड़ जमीन पर ट्रांसपोर्ट नगर बसाया था। इसमें 872 भूखंड ट्रांसपोर्ट व्यापारियों को आवंटित किए गए थे। लेकिन समय के साथ इन भूखंडों में से 20 से अधिक भूखंडों पर अवैध कब्जा कर लिया गया।

याचिका में आरोप लगाया गया कि इस संबंध में कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त को कई बार आवेदन देने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अतिक्रमण हटाने के नाम पर पुलिस बल की कमी का बहाना बना कर सालों से मामला टाला जा रहा था।

# डेंगू से बचाव के लिए क्या कदम उठाए, पेश करो स्टेट्स रिपोर्ट

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार, नगरीय निकायों को निर्देश, चार सप्ताह का समय दिया

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और नगरीय निकायों को डेंगू व अन्य बीमारियों की रोकथाम के संबंध में फ्रेश स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने इसके लिए चार सप्ताह का समय दिया। कोर्ट ने चार साल पुरानी याचिकाओं पर सुनवाई की। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच , जबलपुर के सौरभ शर्मा व अन्य द्वारा दायर 2021 में दायर की गई जनहित याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने दलील दी कि नगर निगम की लापरवाही के चलते शहर का सीवेज सिस्टम पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। पिछले 17 सालों में भी सीवेज सिस्टम पूरा नहीं हुआ है। इसके चलते हर साल खासतौर पर वर्षाकाल के दौरान डेंगू, चिकुनगुनिया व अन्य बीमारियां बढ़ जाती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे प्रदेश में डेंगू फैल रहा है और हर दिन अस्पतालों में मरीज बढ़ रहे हैं। जबलपुर में ही सरकारी और प्राइवेट अस्पताल खचाखच भरे हुए हैं। सरकार की ओर से बताया गया कि पूर्व निर्देश के पालन में 2024 में रिपोर्ट पेश की गई थी। उसमें बताया गया था कि एंटी डेंगू दवा और अन्य दवाओं के छिड़काव के लिए टेंडर आवंटित कर दिए गए हैं। इस पर कोर्ट ने ताजा स्टेट्स रिपोर्ट पेश कर बताने को कहा कि फिलहाल डेंगू की रोकथाम वो इससे बचाव के लिए क्या किया जा रहा है।




## किसानों ने नैनो डीएपी व यूरिया नहीं चाहिए के लगाए नारे

# टोल फ्री नंबर से खाद न मिलने से किसान नाराज

हरिभूमि जबलपुर।

भारतीय किसान संघ के प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने छरौआ घाट पहुंचे सैकड़ों किसानों ने टोल फ्री नंबर से खाद न मिलने से जमकर नाराजगी व्यक्त की। किसान संघ के जिलाध्यक्ष रामदास पटेल ने बताया कि टोल फ्री नंबर 0761181 पर कॉल करते हैं तो फोन नहीं लगता है और न ही किसानों को इस संबंध में कोई एसएमएस अभी तक मिले हैं। एक जुलाई से प्रारंभ हुई खाद वितरण की यह व्यवस्था नाकाम साबित हुई है। श्री पटेल ने कहा कि यदि व्यवस्था नहीं सुधरी तो भारतीय किसान संघ के नेतृत्व जिले भर के किसान जिला मुख्यालय पर बड़े आंदोलन, धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल व विद्युत नियामक आयोग के सदस्य दामोदर पटेल ने किसान संघ की रीति नीति, अवधारणा व कार्यपद्धति को किसानों के समक्ष रखा।

## नैनो डीएपी व नैनो यूरिया से कोई फायदा नहीं

शासन द्वारा जारी आदेश के तहत 5 बोरी डीएपी व 5 बोरी यूरिया के साथ एक बॉटल नैनो डीएपी व यूरिया की जबरदस्ती दी जा रही है। जिसको लेकर प्रशासन के खिलाफ किसानों में भारी गुस्सा देखने मिला। किसानों ने आरोप लगाया कि निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाने अधिकारी इस तरह के आदेश निकाल रहे है। जिससे किसान को आर्थिक नुकसान हो रहा है और निजी खाद कंपनियों को लाभ मिल रहा है। जबकि नैनो डीएपी व यूरिया से किसानों को कोई लाभ नहीं है। इस भ्रष्टाचार को बंद किया जाना चाहिए। किसान संघ के प्रशिक्षण वर्ग में भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल, प्रांत संगठन मंत्री भरत पटेल, प्रांत कार्यालय मंत्री आलोक पटेल, संभाग उपाध्यक्ष दामोदर पटेल, जिला अध्यक्ष रामदास पटेल, जिला मंत्री धनंजय पटेल, तहसील अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू, मंत्री धरम पटेल, गणेश तिवारी, गजेन्द्र सिंह, कमलेश पटेल, अरुण गोटियां, धनीराम पटेल, वीरेंद्र पटेल, रामप्रकाश पटेल, जिला सह प्रचार प्रमुख भरत पटेल, अमन पटेल, भागचंद पटेल, अरविंद बहुनिया सहित शहपुरा तहसील के 35 गांवों के किसानों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## सौर उर्जा चलित सीसीटीवी कैमरे लगाए गये

# रेलवे के संवेदनशील सेक्शनों में तीसरी नजर की निगरानी



हरिभूमि जबलपुर।

पश्चिम मध्य रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेल संपत्ति और यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर लगातार निगरानी के साथ साथ नवाचार किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर रेल मण्डल में सतना-कटनी रेलखण्ड पर सतना से कटनी आउटर तक सौर ऊर्जा से चलने वाले स्टैंडअलोन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिससे संवेदनशील क्षेत्र में हो रही लगातार निगरानी की जा रही है. बताया गया है की इन कैमरों की टीओपीवी के जरिये यात्रियों के चोरी होने वाले सामान की पहचान करने में मदद मिलेगी।

पमरे की ओर से दावा किया गया है कि यह सीसीटीवी कैमरा हमेशा 24 घण्टे लाइव और रिकॉर्डिंग के साथ निगरानी में पूरी तरह चालू रहेगा, जिससे क्षेत्र की वास्तविक समय की निगरानी संभव हो पायेगी। फुटेज से प्राप्त इनपुट के आधार पर गहनता से जांच करने में पूरी मदद मिलती है।

चोरी या अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने और उनकी गतिविधियों को ट्रैक करने के लिए रिकॉर्ड किए गए फुटेज का नियमित रूप से विश्लेषण किया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेल अब डिजिटल ट्रैकिंग और तकनीकी दक्षता से लैस रेलवे प्रशासन यात्रियों को न केवल बेहतर सेवा दे रहा है, बल्कि उनकी संपत्ति की सुरक्षा के लिए भी सजग और सक्रिय है। रेल यात्री शिकायत के लिए रेल मदद, 139 हेल्पलाइन या आरपीएफ से सीधे संपर्क कर सकते हैं।

### अत्यधिक अघोषित बिजली कटौती के विरुद्ध व्यापारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**बरेला।** विगत अनेक दिनों से बरेला नगर में दिन में अनेक बार होने वाली अघोषित विद्युत कटौती के चलते जहाँ एक ओर व्यापार ठप्प हो रहा है वहीं पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है आटा चक्कियाँ बन्द पड़ी हैं जिससे समीपवर्ती ग्रामों से गेहूँ आदि पिसाई कराने लोग परेशान हैं वहीं विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है विद्युत मण्डल और नगरपरिषद की अनदेखी के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त है जिसके सुधार हेतु पूर्व में भी विद्युत मण्डल को ज्ञापन सौंपा जा चुका है इसी समस्या के चलते व्यापारी संघ के अध्यक्ष आशीष जैन , अमिताभ नामदेव ,मुकेश साहू , दिनेश सोनी ने एक सप्ताह में निराकरण न होने की दशा में वृहद आंदोलन की चेतावनी देते हुए संरक्षक गोपाल के सरवानी , अरविन्द तिवारी , कैलाश केसरवानी राकेश जैन , मोनेश साहू , रजनीश जैन , समर पटैल , गोलू पटैल , संदीप साहू सहित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सब इंजीनियर को ज्ञापन सौंपा गया ।

## किसानों को उच्च गुणवत्ता की आदान सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करना उद्देश्य

# कृषि अधिकारियों ने खाद एवं बीज विक्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि जबलपुर।

किसानों को उच्च गुणवत्ता की आदान सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम के निर्देशन में सोमवार को कृषि अधिकारियों ने जबलपुर शहर में संचालित बीज एवं खाद के पाँच विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।

अनुविभागीय कृषि अधिकारी जबलपुर श्रीमती प्रतिभा गौर एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमती रश्मि परसाई द्वारा किये गये निरीक्षण में बलदेवबाग स्थित श्री कृपा ट्रेडर्स, श्रेयांशी ट्रेडर्स, कुशवाहा बीज भंडार एवं शिवशक्ति कृषि केन्द्र तथा कृषि उपज मंडी परिसर स्थित रंजीत इन्टरप्राइजेज से खाद एवं बीज के नमूने लिये गये। इन आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों के पीओएस मशीन में दर्ज उर्वरकों के स्टॉक का भौतिक सत्यापन भी किया गया।



उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार निरीक्षण में दस्तावेजों के परीक्षण के दौरान किसानों को कच्चे बिल पर उर्वरक और बीज का विक्रय करना पाये जाने तथा अन्य प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर बलदेवबाग स्थित श्री कृपा ट्रेडर्स को नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा शेष चारों बीज विक्रेताओं को विक्रय लाइसेंस में प्रिंसीपल सर्टिफिकेट जुडवाने के लिये नोटिस दिये गये हैं।

निरीक्षण के दौरान बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक की विक्रय दरों को डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित करने, किसानों को निर्धारित कीमत पर ही आदान सामग्री का विक्रय करने तथा उन्हें पक्का बिल देने की हिदायत भी दी गई। अनुविभागीय कृषि अधिकारी जबलपुर श्रीमति प्रतिभा गौर ने किसानों से कहीं भी उर्वरक का अवैध भंडारण एवं परिवहन होता पाये जाने पर इसकी सूचना तत्काल कृषि अधिकारियों को देने का आग्रह किया है, ताकि संबंधित के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही की जा सके।

## नगर में गहराया जल संकट, 3 दिन से लोगों को नहीं मिल पा रहा पानी



**बरेला।** भरी बरसात, घोंघा प्यासा की कहावत को चरितार्थ करते हुए जहां वर्तमान में तीन-चार दिन से अनवरत बारिश हो रही है, नदी नाले उफान पर हैं तथा गली कूचों में जगह-जगह पानी भरा हुआ है तो वहीं दूसरी ओर नगर में विगत तीन-चार दिन से जल आपूर्ति ठप है इसके कारण लोगों के सामने पेयजल संकट खड़ा हो गया है। स्थानीय नागरिक गुड्डी देवी ने बताया है कि नगर परिषद द्वारा विगत तीन-चार दिन से पानी की सप्लाई नहीं की जा रही है तथा पानी की टंकी भी लोड नहीं की जा रही है इसके कारण उनके घरों के नलों में पानी नहीं आ रहा है इसके कारण उन्हें भर बरसात में जल संकट से जूझना पड़ रहा है। बताया जाता है कि नगर के आधे हिस्से में पानी की टंकी लोड कर सप्लाई की जाती है किंतु विगत तीन दिन से टंकी लोड ना होने के कारण लोगों को जल संकट से जूझना पड़ रहा है। इसी प्रकार वार्ड नंबर 10 स्थित ट्यूबवेल भी में भी विगत अनेक दिनों से हवा फेंक रहा है इसके कारण लोगों को जलापूर्ति परम होने के पश्चात भी पानी नहीं मिल पा रहा है स्थानीय निवासी रश्मि सोनी ने बताया कि उनके यहां भी नलों में ठीक तरह से पानी नहीं आ रहा है।बताया जाता है कि फिल्टर प्लांट के पास स्थित ट्रांसफार्मर विगत 3 दिन से बिगड़ पड़ा है जिसकी वजह से लोगों को समस्या से जूझना पड़ रहा है उधर विद्युत मंडल द्वारा ट्रांसफार्मर रखने में आजकल आजकल किया जा रहा है इसके चलते लोगों को इस समस्या से जूझना पड़ रहा है इस संबंध में सीएमओ संजय पांडे का कहना है कि ट्रांसफार्मर बदल जाने पर जलापूर्ति बहाल हो जावेगी तथा वार्ड नंबर 10 स्थित ट्यूबवेल में भी नई मोटर डाली जा रही है।

## शहपुरा में दिनदहाड़े वारदात

# सूने घर से लाखों के जेवर नगदी पार

**जबलपुर।** शहपुरा के भिटौनी वार्ड में चोरों के हौंसले इतने बुलंद हो गए कि दिन-दहाड़े सूने मकान में सेंध दिया। पूरे घर को अच्छी तरह खंगालते हुए चोरों ने लाखों के जेवरात और नगदी पार कर दी। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार भिटौनी वार्ड क्रमांक 9 में रहने वाले रवि झारिया के



बड़े भाई 30 जून को सेवानिवृत्त हुए थे। जिसके चलते उनके भेड़ाघाट स्थित घर में रिटायरमेंट पार्टी और धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें शामिल होने के लिए रवि भी सपरिवार गए थे। कार्यक्रम के बाद शाम को जब वापस लौटे तो घर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर रखी अलमारी का ताला तोड़कर अज्ञात चोर करीब दो लाख रुपए नगद और लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात गायब थे।

# देशी कट्टा, कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार



**जबलपुर।** बरेला चौकी गौर में पीली बिल्डिंग तिलहरी में कट्टा लेकर घूम रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से 1 देशी कट्टा, 1 कारतूस और मोटरसायकिल जब्त की है।

बरेला चौकी गौर से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात मुखबिर की सूचना पर कट्टा लेकर मोटर सायकिल से मंगेली तरफ से आ रहे सिद्धबाबा लालमाटी घमापुर निवासी 21 वर्षीय आकाश सोंधिया को पीली बिल्डिंग के पास तिलहरी में गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी कट्टा तथा एक जिंदा करतूस और मोटर सायकिल जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

### ऑटो चालक के गाल में चाकू मारा

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत कर्बला के पास शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने पर एक बदमाश ने एक आटो चालक पर चाकू से हमलाकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार उजारपुरवा निवासी 25 वर्षीय आटो चालक सोनू रैकवार गत रात लगभग 10.30 बजे गली नंबर 4 उजारपुरा निवासी मारछल्ला कोरी कर्बला के पास सोनू रैकवार से शराब पीने के लिये 200 रुपये की मांग करने लगा, मना करने पर गाली गलौज करते हुए चाकू से गाल पर चोट पहुंचा दी एवं जान से मारने की धमकी दी।

# 500 रुपए के फुटकर नहीं देने पर पेट्रोलपंप कर्मी को चाकू मारा

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत साई मंदिर के पास प्रभु फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पम्प गोहलपुर में 500 की चेंज नहीं देने पर दो बदमाशों ने एक पेट्रोल पंप कर्मचारी के साथ झूमाझपटी कर चाकू से हमला कर दिया। वही बीच बचाव करने आए एक अन्य कर्मचारी पर भी चाकू से हमला कर जान से मारने की धमकी दी। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिमूर्तिनगर निवासी 47 वर्षीय पेट्रोलपंप कर्मचारी सतानंद द्विवेदी गत शाम लगभग 6 बजे पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भर रहा था तभी शिवनगर कोतवाली निवासी 22 वर्षीय करन श्रीवास 500 रूपये के चेंज लेने पेट्रोल पम्प के अन्य कर्मचारी धन सिंह लोधी के पास आया, तो धनसिंह ने चेंज देने से मना कर दिया, इसी बात को लेकर धनसिंह के साथ गाली गलौज करते हुये झूमाझपटी कर वहां से चला गया, लगभग 1 घण्टे के बाद करन अपने दो अन्य साथियों के साथ पेट्रोल पम्प पर आया और कुर्सी में बैठे कर्मचारी धन सिंह लोधी के साथ मारपीट कर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर घायल कर दिया। सतानंद द्विवेदी बीच बचाव करने लगा तो उसके साथ भी तीनों ने मारपीट कर चाकू से हमला कर जान से की धमकी दी। सतेंद्र, धनसिंह श्याम सिंह राजपूत तथा अन्य की मदद से आरोपी करन श्रीवास को पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 109, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## आखिरकार पानी की निकासी का जिम्मेदार कौन

**भेड़ाघाट।** भेड़ाघाट चौराहा पर पानी की निकासी की समस्या को लेकर सड़क पर भर रहा पानी से पर्यटक आए दिन गिर रहे हैं लोक निर्माण विभाग की अनदेखी से सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं पानी की स्थाई निकासी न होने से सड़क पर हार्ड मुरम डालने से दो पहिया वाहन चालक पानी की गहराई ना समझ पाने के कारण गिर रहे हैं हम बात कर रहे



हैं विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट पंचवटी मार्ग की दुर्दशा को लेकर ग्रामीण जनों में भारी आक्रोश की भावना फैल रही है पर्यटकों का कहना हैं कि पहुंच मार्ग इतना बदतर हो गया है कि सड़क दुर्घटनाओं कीआशंका हमेशा बनी रहती हैं फिर भी लोक निर्माण विभाग कर्मचारियों अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा पर्यटकों एवं रह वासियों को भुगतना पड़ रहा है भेड़ाघाट के विकास को लेकर जनप्रतिनिधियों में विकास के बड़े-बड़े वादे तो किए जाते हैं लेकिन वास्तविक स्थिति ढाक के तीन पात जैसी हैं जिला प्रशासन को जनहित के मामलों को लेकर लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई।



**श्री मुन्ना लाल भूमिया-** गौरीघाट मुक्तिधाम के निकट निवासी श्री मुकेश व नीतेश भूमिया के पिता श्री मुन्ना लाल भूमिया (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सरजू प्रसाद-** जोगी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री सरजू प्रसाद (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री महेंद्र कुमार साहू-** टिकरी टोला छुई खदान बेदीनगर निवासी श्री महेंद्र कुमार साहू (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि शंकर पाली-** सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री रवि शंकर पाली (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती तुलसा बाई दामनकर-** कजरवारा निवासी श्री प्रेमलाल दामनकर की धर्मपत्नी श्रीमती तुलसा बाई दामनकर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती निम्मा बाई लडिय़ा-** सिद्धनगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी




श्री धनीराम लडिय़ा की धर्मपत्नी श्रीमती निम्मा बाई लडिय़ा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राधेश्याम चौबे-** पुराने ग्वारीघाट रेलवे स्टेशन के पास निवासी श्री राधेश्याम चौबे (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई जाटव-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री दुलीचंद जाटव की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई जाटव (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अंकिता दुबे-** नई बस्ती ग्वारीघाट पुलिस थाने के पास निवासी श्री सौरभ दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती अंकिता दुबे का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विक्रांत चौधरी-** रामहरख का बगीचा नेहरू वार्ड निवासी श्री विष्णु चौधरी के पुत्र श्री विक्रांत चौधरी (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पूरन लाल-** मेंहदीबाग सदर निवासी श्री पूरन लाल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-

## नियंत्रक सम्मेलन में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# दुनिया हमारे रक्षा क्षेत्र की ओर देख रही, सैन्य उत्पादों की मांग बढ़ी

*रक्षा मंत्री ने कहा कि वित्तीय प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए, हम सभी को रक्षा अर्थशास्त्र में एक कदम और आगे बढ़ना चाहिए, और कारण यह है कि पूरा विश्व पुनः शस्त्रीकरण के एक नए युग की ओर बढ़ रहा है और इस क्षेत्र में कई पूंजी निवेश किए जा रहे हैं*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ द्वारा आयोजित नियंत्रक सम्मेलन कहा कि दुनिया हमारे रक्षा क्षेत्र की ओर देख रही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सैनिकों ने जो वीरता दिखाई है, साथ ही जिस तरह से हमने अपने घरेलू उपकरणों की क्षमताओं का प्रदर्शन किया है, उससे हमारे स्वदेशी रक्षा उत्पादों की मांग में वृद्धि हुई है। 2024 में विश्व सैन्य व्यय बढ़कर 2.7 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गया है। इतना बड़ा बाजार हमारा इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि डीआरडीओ ने नियंत्रक सम्मेलन आयोजित किया है, लेकिन मुझे लगता है कि आपका दिमाग खुला और ग्रहणशील होना चाहिए। इस विभाग की जिम्मेदारी सिर्फ कागजों पर हिसाब-किताब संभालना नहीं है, बल्कि यह हमारी सुरक्षा व्यवस्था का भी अहम हिस्सा है।

2024 में विश्व सैन्य व्यय बढ़कर 2.7 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गया | रक्षा व्यय को सही तरीके से, सही उद्देश्य के लिए सही समय पर उपयोग करें



### हमारा रक्षा बजट कुछ देशों की जीडीपी से भी बड़ा

राजनाथ सिंह ने कहा कि यदि आप हमारे रक्षा बजट को देखें, तो यह दुनिया के कुछ देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी बड़ा है। जब लोगों की मेहनत की कमाई का एक बड़ा हिस्सा रक्षा मंत्रालय को आवंटित किया जाता है, तो हमारी जिम्मेदारी तेजी से बढ़ जाती है। हमें प्रभावी विकास की आवश्यकता है। हमारा रक्षा व्यय ऐसा होना चाहिए कि न केवल बजट बढ़े, बल्कि हम इसका सही तरीके से, सही उद्देश्य के लिए सही समय पर उचित तैनाती के माध्यम से उपयोग भी कर सकें। उन्होंने कहा कि रक्षा अधिग्रहण परिषद ने पहली बार जेम पोर्टल से पूंजीगत खरीद की अनुमति दी है, यह एक सराहनीय कदम है। रक्षा कर्मियों के लिए व्यापक वेतन प्रणाली और केंद्रीकृत डेटाबेस प्रबंधन पर काम कर रहा है।

### शांति का समय सिर्फ दिखावा

*केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज रक्षा क्षेत्र में जो परिवर्तनकारी बदलाव हो रहे हैं, वे पहले ऐसे नहीं थे। आज के बदलाव गतिशील और अनिश्चित हैं। शांति का समय एक दिखावा है, इसके अलावा कुछ नहीं। हालांकि, मुझे लगता है कि हम सभी को शांति के समय में रक्षा क्षेत्र को मजबूत करने पर चर्चा करनी चाहिए। लेकिन अचानक हम खुद को ऐसी स्थिति में पाते हैं जो हमें जगाती है, और हमें कुछ और करने की आवश्यकता महसूस होती है।*

### रक्षा अर्थशास्त्र में बढ़ाएं कदम

*केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर किसी उपकरण की अचानक आवश्यकता बढ़ जाती है, तो हम सभी को इस मुद्दे को हल करने के बारे में विचार करना चाहिए। यह सब शांति के समय में किए जाने की जरूरत है। वित्तीय प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए, हम सभी को रक्षा अर्थशास्त्र में एक कदम और आगे बढ़ना चाहिए, और इसके पीछे कारण यह है कि पूरा विश्व पुनः शस्त्रीकरण के एक नए युग की ओर बढ़ रहा है और इस क्षेत्र में कई पूंजी निवेश किए जा रहे हैं।*

---

## खबर संक्षेप

### केरल सरकार के पैसे से घूमी थी ज्योति



**तिरुवनंतपुरम।** हरियाणा की मशहूर ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा को हाल ही में पाक के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक आरटीआई में ये खुलासा हुआ है कि ज्योति की केरल यात्रा का पूरा खर्चा राज्य सरकार ने उठाया था। ज्योति ने केरल पर्यटन विभाग के एक खास कैंपेन का हिस्सा बनकर राज्य का दौरा किया था। ज्योति की यात्रा, ठहरने और इटिनरेरी का सारा खर्च केरल सरकार ने वहन किया था।

### महाराष्ट्र तट पर दिखी संदिग्ध नौका की तलाश



**मुंबई।** पुलिस और समुद्री सुरक्षा एजेंसियों ने महाराष्ट्र में रायगढ़ जिले के रेवदांडा तट के पास एक संदिग्ध नाव की तलाश तेज कर दी है, जिसे 'संभवतः मछली पकड़ने वाली पाकिस्तानी नौका' बताया जा रहा है। रविवार रात को भारतीय नौसेना के रडार पर यह नाव रेवदांडा में कोरलाई तट से करीब दो समुद्री मील दूर देखी गई। सूचना मिलने के बाद रायगढ़ पुलिस, बम निरोधक दस्ते, त्वरित प्रतिक्रिया बल, नौसेना और तटरक्षक बल के जवानों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

---

## 17वें ब्रिक्स सम्मेलन का घोषणा पत्र जारी, लिए गए अहम फैसले

*सीओपी 33 की मेजबानी करेगा भारत*

# भारत एवं ब्राजील को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्य बनाने की मांग

एजेंसी ▶▶ रियो डी जेनेरियो

17वें ब्रिक्स सम्मेलन के घोषणा पत्र में भारत और ब्राजील को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा समिति में स्थाई सदस्य बनाए जाने की मांग की गई है। ब्रिक्स नेताओं ने इस साझा घोषणा पत्र में संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) को अधिक लोकतांत्रिक और प्रभावशाली बनाने के लिए ग्लोबल साउथ के दो देश भारत और ब्राजील को इसका सदस्य बनाने की पुरजोर मांग की है। ब्रिक्स देशों के नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र, जिसमें सुरक्षा परिषद भी शामिल है, के व्यापक सुधार के लिए अपना समर्थन दोहराया है, ताकि इसे और अधिक लोकतांत्रिक, प्रतिनिधित्वपूर्ण, प्रभावी और कुशल बनाया जा सके और परिषद की सदस्यता में विकासशील देशों का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जा सके, ताकि यह मौजूदा वैश्विक चुनौतियों का पर्याप्त रूप से जवाब दे सके।

घोषणा पत्र में कहा गया है कि ब्रिक्स देशों सहित अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के उभरते और विकासशील देश अंतरराष्ट्रीय मामलों में, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र में, जिसमें इसकी सुरक्षा परिषद भी शामिल है, अधिक भूमिका निभा सकें। हम अफ्रीकी देशों की वैध आकांक्षाओं को मान्यता देते हैं, जैसा कि एजुल्विनी सर्वसम्मति और सिर्ते घोषणा में परिलक्षित होता है।

अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में ध्रुवीकरण व विखंडन पर चिंता व्यक्त की | पेरिस समझौते के उद्देश्य और लक्ष्यों की के लिए प्रतिबद्ध



### एकतरफा टैरिफ पर जताई चिंता

*ब्रिक्स समूह के नेताओं ने एकतरफा टैरिफ और गैर-टैरिफ उपायों के बढ़ने पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की, जिसे टैरिफ पर वाशिंगटन की नीति के अप्रत्यक्ष संदर्भ के रूप में देखा गया। ब्रिक्स ने दुनिया के कई हिस्सों में चल रहे संघर्षों और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में ध्रुवीकरण और विखंडन की वर्तमान स्थिति पर भी चिंता व्यक्त की। इसमें कहा गया, हम कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र की स्थिति के बारे में अपनी गंभीर चिंता दोहराते हैं।*

### मलेशिया के साथ द्विपक्षीय संबंध मजबूत हो रहे



पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मलेशिया पीएम अनवर इब्राहिम के साथ मुलाकात की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि ब्राजील में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम के साथ बहुत अच्छी बैठक थी। मलेशिया भारत के लिए महत्वपूर्ण है, हमारे विजन महासागर और एक्ट ईस्ट पॉलिसी में इसका महत्वपूर्ण स्थान है। भविष्य के क्षेत्र जैसे आईटी, नवीकरणीय ऊर्जा और बुनियादी ढांचा ऐसे क्षेत्र हैं जहां द्विपक्षीय संबंध मजबूती से बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी ने कैरेबियन देश क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल के साथ भी बैठक की।

### जयशंकर ने की कई बैठकें

### रूस के साथ एससीओ और आतंकवाद पर हुई बातचीत



ब्रिक्स देशों के सम्मेलन से इतर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कई द्विपक्षीय बैठकें कीं। उन्होंने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। इस महत्वपूर्ण बैठक में द्विपक्षीय सहयोग, पश्चिम एशिया की स्थिति, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से मुलाकात कर पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात पर बातचीत की। डॉ. एस जयशंकर ने मैक्सिको के विदेश मामलों के सचिव जुआन रामोन डे ला फ्रुएंते से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं ने स्वास्थ्य, डिजिटल, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष पर ध्यान केंद्रित करते हुए दोनों देशों की साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा की।

### भारत की उम्मीदवारी का स्वागत

*ब्रिक्स देशों के नेताओं ने वर्ष 2028 में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसी सी) के 33वें सम्मेलन (सीओपी 33) की मेजबानी के लिए भारत की उम्मीदवारी का स्वागत किया है। इसमें सभी देशों ने पेरिस समझौते के उद्देश्य और लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए एकजुट रहने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।*

---

## एनआईए की पूछताछ में राणा ने कबूला

# वह पाक आर्मी एजेंट, हेडली के साथ ट्रेनिंग सेशन किए



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

26/11 आतंकी हमले के आरोपी आतंकी तहव्वुण राणा ने नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी (एनआईए) की पूछताछ में कबूला है कि वह वह पाकिस्तानी सेना का एजेंट है। उसने बताया कि उसने डेविड कोलमैन हेडली के साथ पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा के कई ट्रेनिंग सेशन किए थे। राणा ने यह भी कहा कि लश्कर असल में एक जासूसी नेटवर्क की तरह काम करता है। उसने यह भी कबूला कि 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों द्वारा किए गए हमले के दौरान वह मुंबई में ही था। पूछताछ में शामिल मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच अब राणा को गिरफ्तार करके रिमांड पर लेने की तैयारी में है।

- 26/11 आतंकी हमले के वक्त राणा मुंबई में ही था

### मुंबई में खोला था इमिग्रेशन सेंटर

राणा ने पूछताछ में बताया कि मुंबई में उसने अपनी कंपनी का इमिग्रेशन सेंटर खुद के प्लान से खोला, ताकि हमले की तैयारी के लिए जगह और सुविधाएं मिल सकें। वहां किए गए लेन-देन को बिजनेस खर्चों में दिखाया गया। उसने यह भी स्वीकार किया कि छत्रपति शिवाजी टर्मिनस जैसे स्थानों की खुद जाकर रेकी की थी। 64 साल का तहव्वुर राणा पाक मूल का कनाडाई नागरिक है। राणा पाक सेना में डॉक्टर के तौर पर काम करता था। इसके बाद वह 1997 में कनाडा चला गया और वहां इमिग्रेशन सर्विसेस देने वाले बिजनेसमैन के तौर पर काम शुरू किया। बता दें, राणा को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में अमेरिकी एजेंसी एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। उस पर मुंबई के 26/11 और कोपेनहेगन में आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए जरूरी सामान मुहैया कराने का आरोप था। राणा को 10 अप्रैल को अमेरिका से भारत लाया गया था।

### हमले के मास्टरमाइंड हेडली का दोस्त है राणा

डेविड हेडली मुंबई हमले का मास्टरमाइंड था। तहव्वुर उसका दोस्त था, जिसने इस हमले को अंजाम देने में उसकी मदद की थी। राणा को पता था कि हेडली लश्कर-ए-तैयबा के साथ मिलकर काम कर रहा है। हेडली की मदद करके और उसे आर्थिक मदद पहुंचाकर राणा आतंकी संस्था और उसके साथ आतंकियों को भी सपोर्ट कर रहा था। अमेरिकी कोर्ट के दस्तावेजों के मुताबिक, राणा कई बार कनाडा, पाकिस्तान, जर्मनी और इंग्लैंड भी गया था। वह लगभग 7 भाषाएं बोल सकता है।

---

## अमरनाथ यात्रा में श्रद्धालुओं का सैलाब

# 4 दिन में 70 हजार लोगों ने किए दर्शन 8605 लोगों का छठा जत्था हुआ रवाना



एजेंसी ▶▶ जम्मू

अमरनाथ यात्रा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह दिख रहा है। तीन जुलाई से शुरू अमरनाथ यात्रा के बाद से अब तक करीब 70 हजार लोगों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। पिछले चार दिनों में 70 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने अमरनाथ यात्रा की, इनमें से 21,512 यात्रियों ने रविवार को दर्शन किए। इसके अलावा, 8,605 यात्रियों का एक और जत्था सोमवार को दो सुरक्षा काफिलों में जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि पहला काफिला 3,486 श्रद्धालुओं को लेकर उत्तर कश्मीर के बालटाल बेस कैंप जा रहा है, जबकि दूसरा काफिला 5,119 श्रद्धालुओं को लेकर दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप जा रहा है। बता दें, यात्रा 38 दिनों के बाद 9 अगस्त को समाप्त होगी।

### पूरा मार्ग सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षित

*श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने बताया कि जम्मू में भगवती नगर यात्री निवास में आने वाले यात्रियों के अलावा, कई श्रद्धालु यात्रा में शामिल होने के लिए मौके पर पंजीकरण के लिए सीधे बालटाल और नुनवान (पहलगाम) पहुंच रहे हैं। सेना, बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी और स्थानीय पुलिस की मौजूदा ताकत को बढ़ाने के लिए सीएपीएफ की 180 अतिरिक्त कंपनियां लाई गई हैं। पूरे मार्ग को सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षित कर लिया गया है।*

### स्थानीय लोगों का पूरा सहयोग

*इस साल की अमरनाथ यात्रा में स्थानीय लोगों ने पूरा सहयोग दिया है, जैसा वे पहले भी करते रहे हैं। जैसे ही यात्री नौगाम सुरंग पार कर काजीगुंड से कश्मीर घाटी में पहुंचे, स्थानीय लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। रविवार को स्थानीय लोगों ने उत्तरी कश्मीर के गांदरबल जिले में बालटाल बेस कैंप से लौट रहे यात्रियों को कोल्ड ड्रिंक और शुद्ध पेयजल परोसा। यात्रियों ने बिना हिचकिचाए स्थानीय लोगों की मेहमाननवाजी स्वीकार की और कश्मीरियों के इस प्यार के लिए उनका धन्यवाद किया।*

---

## नाइजीरिया में सड़क हादसा, 21 की मौत



**एबूजा।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी राज्य कानो में एक ट्रक और यात्री वाहन की टक्कर में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा ज़ारिया-कानो एक्सप्रेसवे पर हुआ, जो वहां की प्रमुख सड़क है। हादसे में केवल तीन लोग घायल अवस्था में बच सके। जांच में पाया गया कि यात्री वाहन के चालक ने गलत दिशा में गाड़ी चलाकर सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर मार दी। एक आंकड़े के मुताबिक, साल 2024 में अब तक देशभर में 9,570 हादसों में 5,421 लोगों की जान जा चुकी है।

---

## तुर्किये की कंपनी सेलेबी को झटका

# दिल्ली हाईकोर्ट ने सुरक्षा को रद्द करने वाली याचिका की खारिज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने तुर्किये की फर्म सेलेबी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें विमानन नियामक बीसीएएस की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में उसकी सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के आदेश को चुनौती दी गई थी। जस्टिस सचिन दत्ता ने 23 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

इसके बाद सोमवार को कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। नागरिक विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने 15 मई को सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। इससे कुछ दिन यानी पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान तुर्किये ने पाकिस्तान का समर्थन किया था। तुर्किये ने पाकिस्तान में आतंकी शिविरों पर भारत के हमलों की निंदा की थी। सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सेलेबी दिल्ली कार्गो टर्मिनल मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर ग्राउंड हैंडलिंग और कार्गो टर्मिनल कार्यों की देखरेख करते हैं।

केंद्रीय प्राधिकरण के वकील ने विमानन सुरक्षा के लिए खतरे की ओर इशारा करते हुए कार्रवाई का बचाव किया था। सेलेबी के वकील ने तर्क दिया था कि केंद्र का कदम न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है और विमान सुरक्षा नियमों के तहत प्रक्रिया का उल्लंघन है।

---

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी*

# ब्रिक्स से जुड़ने की इच्छा रखने वाले नए देशों पर अतिरिक्त 10% टैरिफ का ऐलान

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स से जुड़ने वाले देशों को धमकी दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि जो भी देश अमेरिका विरोधी ब्रिक्स नीतियों के साथ खुद को जोड़ेंगे, उन पर 10% अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। इस नीति में कोई अपवाद नहीं होगा। इसमें किसी को भी छूट नहीं मिलेगी। इस मामले पर आपका ध्यान देने के लिए धन्यवाद! दरअसल, ब्रिक्स घोषणा पत्र में विश्व व्यापार संगठन के नियमों के खिलाफ बढ़ते टैरिफ पर चिंता जताई गई। इन टैरिफ को वैश्विक व्यापार और आपूर्ति श्रृंखला के लिए खतरा बताया गया। हालांकि इसमें सीधे तौर पर अमेरिका का नाम नहीं लिया गया।

### यह देशों पर दबाव बनाने की कोशिशः चीन



ब्रिक्स देशों पर 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाए जाने की ट्रंप की धमकी की चीन ने निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एक नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि टैरिफ के इस्तेमाल से किसी को भी लाभ नहीं होता है। यह बस दूसरे देशों पर दबाव बनाने की कोशिश है।

### 9 जुलाई को खत्म हो रही समयसीमा

ट्रंप की ओर से टैरिफ को निलंबित किए जाने की समयसीमा 9 जुलाई को समाप्त हो रही है। इसे लेकर दुनियाभर के देशों की चिंता बढ़ हुई है। पिछले दिनों ट्रंप ने कहा था कि 9 जुलाई के बाद वैश्विक टैरिफ से राहत नहीं मिलेगी। इसके बाद वह अधिकांश देशों पर टैरिफ पर 90 दिवसीय रोक को बढ़ाने की योजना नहीं बना रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने 10-12 देशों को नए टैरिफ लगाने की सूचना देने के लिए पत्र साइन कर दिए हैं, जिन्हें जल्द भेजा जाएगा।

---

## इसरो प्रमुख को शुभांशु ने किया फोन, अंतरिक्ष यात्रा के लिए कहा- धन्यवाद

# वैज्ञानिक प्रयोगों की प्रगति और गतिविधियों की दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

भारतीय अंतरिक्ष यात्री (गगनयात्री) शुभांशु शुक्ला, इस समय अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर मौजूद हैं। शुक्ला ने इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) के अध्यक्ष वी. नारायणन को फोन कर अपनी अंतरिक्ष यात्रा के लिए उनके और पूरी इसरो टीम के प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत आईएसएस पहुंचे हैं। इसरो ने बताया कि यह फोन कॉल 6 जुलाई की दोपहर को हुआ था। इस बातचीत में इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने शुभांशु शुक्ला का हालचाल पूछा और यह जानना चाहा कि अंतरिक्ष स्टेशन पर कौन-कौन से वैज्ञानिक प्रयोग और गतिविधियां चल रही हैं। इसरो प्रमुख ने यह भी कहा कि पृथ्वी पर लौटने के बाद शुभांशु शुक्ला को सभी प्रयोगों और अनुभवों को विस्तार से दस्तावेज के रूप में तैयार करना चाहिए, ताकि भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकें।

### खास बातें

- इसरो प्रमुख बोले- वापस आने पर सभी प्रयोगों और अनुभवों का विस्तार से दस्तावेज तैयार करें
- भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकेंगी



### इसरो के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भी की बात

इस फोन कॉल के दौरान इसरो के कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल रहे, जिसमें डॉ. उन्नीकृष्णन नायर, विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (वीएसएससी) के निदेशक और मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की प्रोग्राम मैनेजमेंट काउंसिल के चेयरमैन, एम. मोहन, लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर (एलपीएससी) के निदेशक, पद्मकुमार ई. एस., इसरो इनर्शियल सिस्टम यूनिट (आईआईएसयू) के निदेशक, एम. गणेश पिल्लई और इसरो के वैज्ञानिक सचिव और एलपीएससी के पूर्व निदेशक एन. वेदाचलम भी शामिल रहे। इसरो ने बताया कि गगनयान मिशन का उद्देश्य भारत की यह क्षमता साबित करना है कि वह अपने दम पर इंसानों को लो-अर्थ ऑर्बिट (पृथ्वी की निचली कक्षा) में भेज सकता है। शुक्ला का यह मिशन इसरो और अमेरिकी कंपनी एक्सिओम स्पेस के सहयोग से संभव हुआ है।

### लक्ष्यों को पूरा करने की कोशिश में जुटे

*इसरो प्रमुख वी. नारायणन से बातचीत के दौरान शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष स्टेशन पर चल रहे तमाम प्रयोगों की प्रगति की जानकारी भी साझा की और बताया कि वे किन वैज्ञानिक लक्ष्यों को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं और किन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### आज शहर से अमरनाथ यात्रा पर 125 श्रद्धालुओं का जत्था होगा रवाना

**जबलपुर।** ब्रह्मलीन महंत अमरपुरी महाराज सेवा मंडल (रजि.) के तत्वावधान में, वर्ष 2004 से लगातार आयोजित हो रही श्री बाबा अमरनाथ यात्रा का 21वाँ जत्था आज 08 जुलाई 2025, मंगलवार को प्रातः 6:00 बजे जम्मूतवी मेल द्वारा श्री अमरनाथ धाम के लिए रवाना होगा। इस वर्ष जत्थे में 80 पुरुष और 45 महिलाएँ, कुल 125 श्रद्धालु सम्मिलित हैं, जो माँ नर्मदा का पवित्र जल एवं त्रिशूल लेकर भगवान बर्फानी के दर्शन हेतु प्रस्थान करेंगे। इस धार्मिक यात्रा का नेतृत्व मंडल के अध्यक्ष राजकुमार सिंहरहा करेंगे, जिनके साथ प्रमुख सेवादार मुकेश कुमार सोनी एवं बृजेश कुमार शर्मा रहेंगे। यात्रा में सुमित चौहान, सकीना, नेहा दुबे, विवेक कुशवाहा, सोनाली यादव, सानिया अख्तर, कमला पटेल, राजेश गुप्ता, अशोक शर्मा, वंदन शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हैं। यह यात्रा राष्ट्र की शांति, सद्भाव और जनकल्याण की कामना हेतु माँ नर्मदा के पावन जल के साथ भगवान अमरनाथ को अर्पित की जाएगी।

### वृंदावन के संत श्यामजी महाराज का आगमन आज

जबलपुर। श्याम भक्ति आश्रम के संस्थापक एवं वृंदावन के संत भागवत भूषण स्वामी श्याम महाराज का 08 जुलाई को गोंडवाना एक्सप्रेस से सुबह 07 बजे नगर आगमन हो रहा है। वे बांकेबिहारी सेवा समिति के तत्वावधान में 10 जुलाई को शिव मंदिर बेलबाग में गुरु पूर्णिमा महोत्सव में सम्मिलित होंगे तथा बाई का बगीचा में रुकेंगे। भक्तों से उपस्थिति की अपील राजकुमार कछवाहा, अरुण राय, बृजलाल पैगवार, संतोष दुबे, अचल नाग, राजकुमार जायसवाल, राजू गुप्ता, उषा बेलवंश, मधु पैगवार आदि ने की है।

# गोपियों का भाव ही भगवान की लीला का है मूलः ब्रह्मचारी चैतन्यानंदजी

## श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से भक्तों को कराया दिव्य भावनाओं का साक्षात्कार





हरिभूमि, जबलपुर।

सख्य भक्ति का प्राकट्य ही भगवान की बाल लीला है, और गोपियों के उत्कृष्ट भावों का भोग ही माखन चोरी है यह दिव्य वचन श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पांचवें दिन बगुलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ, सिविक सेंटर, मढ़ाताल में पूज्य ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी ने कहे। उनके श्रीमुख से जब भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन हुआ, तो पूरा पंडाल भक्ति और भावनाओं से सराबोर हो गया।

### माखन चोरी नहीं, भावों की पूजा थी

गोपियों द्वारा माखन निकालना केवल एक घरेलू कार्य नहीं था, बल्कि उनका उद्देश्य केवल एक था कन्हैया को प्रसन्न करना और उनके दर्शन पाना। भगवान ने उनकी भावनाओं को स्वीकार कर, माखन चोरी की लीलाएं रचीं, जो आज भी बालकृष्ण की सबसे प्रिय और मनोहर लीलाओं में से एक मानी जाती हैं।

### नाग पर नृत्यः इंद्रियों पर नियंत्रण का संदेश

ब्रह्मचारी जी ने बताया कि कालिया नाग पर श्रीकृष्ण का नृत्य मात्र एक शारीरिक विजय नहीं, बल्कि आत्मा पर हावी होने वाले विकारों और इंद्रियों पर नियंत्रण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान ने कालिया को मारा नहीं, केवल परास्त किया, क्योंकि इंद्रियों का दमन नहीं, संयम आवश्यक है।

### मां यशोदा का सौभाग्य और गोपियों की श्रद्धा

ब्रह्मचारी जी ने कहा कि भगवान ने जिस प्रकार मां यशोदा को बाल रूप में अपने साक्षात दर्शन दिए, वह सौभाग्य माता देवकी को भी नहीं मिला। जब भगवान ने मिट्टी खाने की लीला की, तो यशोदा मैया को उनके मुख में सम्पूर्ण ब्रह्मांड के दर्शन हुए। यह प्रसंग यह दर्शाता है कि स्नेह और श्रद्धा से भगवान को पाया जा सकता है, न कि केवल जन्म से।

### गोचारण लीलाः ब्रह्मा का अहंकार भंग

श्रीकृष्ण की गोचारण लीला केवल गाय चराने की घटना नहीं थी, बल्कि यह ब्रह्मा के अहंकार का मर्दन था। जब ब्रह्मा ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को साधारण समझा, तब भगवान ने उन्हें अपनी ईश्वरीय महिमा का परिचय दिया। यह लीला आज के मानव को भी सिखाती है कि भक्ति और विनम्रता ही सच्चा ज्ञान है।

### गिरिराज पूजनः शास्त्र सम्मत परंपरा का पुनःस्थापन

इंद्र के घमंड को चूर कर भगवान ने गिरिराज पूजन की परंपरा की स्थापना की। यह लीला समाज में यह संदेश देती है कि परंपरा वही है जो शास्त्रों के अनुसार हो, अंधविश्वास नहीं।

### चीरहरण और रास लीलाः आत्मा की परमात्मा से पूर्ण एकता

गोपियों के कात्यायनी व्रत की पूर्णता भगवान ने चीरहरण लीला के माध्यम से कराई, जिसमें उन्होंने मायारूपी आवरण को हटाकर आत्मा और परमात्मा के शुद्ध संबंध को स्पष्ट किया। रास लीला में वेणुनाद (बांसुरी की ध्वनि) के माध्यम से गोपियों को रास की पात्रता दी, जो भक्ति की पराकाष्ठा को दर्शाता है।

### रास और उद्धव संवाद की कथा आज

कथा के अगले दिन भगवान श्रीकृष्ण की रास लीला और उद्धव संवाद की गूढ़ व्याख्या होगी, जिसमें आत्मा और परमात्मा के संबंध को और गहराई से समझाया जाएगा।

### श्रद्धा से भरा वातावरण, भक्त भावविभोर

पंचम दिवस की कथा में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। व्यासपीठ पूजन में आचार्य राजेंद्र प्रसाद शास्त्री, विनोद गोटिया, अजय त्रिपाठी, संजय गुरु, बीके नीता पटेल, अमित, प्रतीक्षा सिंह, माया, मोतीलाल यादव, उर्मिला पांडे, विजय, ऊषा कटारिया, शंकरलाल खत्री, शमन, अन्नपूर्णा नायकार, सपना यादव, अंजना शुक्ला, गोविन्द प्रीति साहू, आराधना-आशीष चौकसे, अखिल तिवारी, तुलसी अवस्थी, पीयूष दुबे, सुनील गुप्ता, वैभव दुबे, अंकित दीक्षित, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, शुभम चौरसिया, रोहित साहू, राहुल मौर्य, अभिषेक उपाध्याय, गौरव चौबे, आशीष चौकसे, विनोद अरोरा, नवीन यादव, रोहित तिवारी, सोनू कुरेले, मनोज सेन, सतेंद्र असाटी, शंकरलाल गुप्ता सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# स्थानीय कारीगरों और घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहन देने प्रदर्शनी का आयोजन 16 से

## "नई सोच हमारी कल्पना" महिला मंडल ने दी जानकारी



जबलपुर।

सिविल लाइन स्थित सिंघई पैलेस में "नई सोच हमारी कल्पना" महिला मंडल की प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसमें आयोजकों ने बताया कि नई सोच हमारी कल्पना महिला मंडल द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का आयोजन स्थानीय कारीगरों और घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहन देने हेतु किया जा रहा है, यह आयोजन 16 से 19 जुलाई के बीच नेता सुभाषचंद्र बोस संस्कृतिक एवं सूचना केंद्र, स्मार्ट सिटी घंटाघर में होगा। इस प्रदर्शनी का समय दोपहर 12 बजे से रात 9 बजे तक निर्धारित किया गया है। प्रदर्शनी में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के कारीगरों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। यह आयोजन प्रधानमंत्री के 'वोकल फॉर लोकल' और 'मेक इन इंडिया' अभियानों के अंतर्गत किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना और कारीगरों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है। आपकी सहभागिता और सहयोग इस प्रदर्शनी की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला मंडल की डॉक्टर कल्पना मिश्रा, दीपिका कपूर, चाहत पचौरी, वंदना सिंह एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# परशुराम सेना की संभागीय बैठक सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में संपन्न



जबलपुर।

परशुराम सेना की संभागीय बैठक सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में गत दिवस संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि पं. विष्णु राजोरिया अध्यक्ष, मध्यप्रदेश परशुराम कल्याण बोर्ड रहे, अध्यक्षता पं. राकेश चतुर्वेदी संरक्षक परशुराम सेना ने की, पं. प्रेम गुरु कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष परशुराम सेना अतिथि, पं. सुरेन्द्र चतुर्वेदी उज्जैन, पं. राजीव शुक्ला रीवा अध्यक्ष रहे। अध्यक्ष विष्णु राजौरिया ने बताया कि परशुराम सेना सेवा, संस्कार संस्कृति से जुड़कर समाज के उत्थान के लिए कार्य करेगी। पंडित राकेश चतुर्वेदी संरक्षक ने बताया बैठक में संभाग के विभिन्न जिलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे, सभी ने अपने-अपने क्षेत्र में समाज के उत्थान के लिए सुझाव रखे, मुख्य अतिथि के रूप में परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पंडित विष्णु राजोरिया ने कहा परशुराम सेना अभी तहसील और जिला स्तर पर समाज को जोड़ने का कार्य कर रही है, परशुराम सेना द्वारा युवाओं एवं मातृशक्ति को आगे रखकर कार्य किया गया है। पंडित राकेश चतुर्वेदी ने कहा कि सेना 10 संभागों में अपनी संभागीय बैठकें कर 55 जिलों में उपस्थिति दर्ज कराएगी। ब्लाक स्तर पर भी संगठन का विस्तार करेगी। समाज के युवाओं को रोजगार हेतु मार्गदर्शन एवं मातृशक्ति को उचित सम्मान का संकल्प लिया। परशुराम सेना के संयोजक अध्यक्ष पंडित मुकेश चतुर्वेदी ने बताया कि परशुराम सेना का गठन तीन वर्ष पूर्व किया गया था। आज यह पूरे प्रदेश में अपना स्थान बना चुकी है। बैठक में पं. राजीव शुक्ला रीवा, शैलेन्द्र चतुर्वेदी उज्जैन, डॉ. एचपी तिवारी, पं. मुकेश चतुर्वेदी प्रदेश संयोजक, पं. रामावतार द्विवेदी अध्यक्ष, संतोष दुबे महामंत्री, पं. वीके उपाध्यक्ष प्रदेश उपाध्यक्ष, पं. द्वारका मिश्रा, पं. अतुल दुबे, पं. राजेश तिवारी, पं. रामेश्वर चौबे, पं. अशोक शर्मा आदि उपस्थित थे।




## इटावा की घटना को लेकर ओबीसी महासभा एवं यादव महासभा ने संयुक्त ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के दादरपुर गांव में कथावाचक मुकुट मणि यादव एवं साथियों के साथ कथा करने पर ब्रह्मण समाज के लोगों द्वारा जाति के आधार पर अमानवीय कृत्य कर उनके साथ मारपीट करके बाल मुडवाए गए एवं ब्राह्मण स्त्री के मूत्र से उनका शुद्धिकरण किया गया, इस कृत्य ने देश में जातीय वर्ग के बीच में अशांति फैलाने का काम किया है जिससे पूरे ओबीसी वर्ग एवं यादव समाज के अंदर आक्रोश फैला हुआ है, इसी आक्रोश को लेकर अखिल भारतीय ओबीसी महासभा एवं यादव महासभा के संयुक्त तत्वावधान में महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार पनागर को सौंपा गया जिसमें ऐसे अमानवीय व्यवहार करने वाले लोगों के ऊपर देशद्रोह की धारा के तहत मुकदमा दर्ज करने एवं कार्यवाही करने की मांग की गई। ज्ञात हो कि इसी प्रकार का अमानवीय कृत्य विगत दिनों जबलपुर जिले के पनागर की कथा वाचिका देवकी पटेल एवं छत्तीसगढ़ में चांदनी साहू के साथ भी किया गया था, जो निंदनीय है। ज्ञापन देते समय ओबीसी महासभा प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट इंद्र कुमार पटेल, यादव महासभा संभाग अध्यक्ष विजय यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल, ओबीसी के बैजनाथ कुशवाहा, घनश्याम यादव, दिलीप पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष दीपक यादव, रणजीत सिंह यादव, नोखेलाल प्रजापति, प्रमोद पटेल, पार्षद सूरज साहू, राकेश यादव, बबलू पटेल, राजेश यादव, वाईपी यादव, राजू यादव, अशोक पटेल, सुरेश पटेल, माणकवारा नरेंद्र कुमार, रक्कू, सतीश यादव, मनीष यादव, दिलीप रजक, अभिषेक यादव, गुड्डू यादव सहित सैकड़ों ओबीसी पदाधिकारी एवं यादव महासभा के लोग उपस्थित थे।

**जबलपुर के चिकित्सा जगत से अपेक्षाएं विषय पर सभी ने रखे विचार**

# अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स में मिलेगा हर तरह का इलाज

## संवाद कार्यक्रम में ग्रुप चेयरमैन सौरभ बड़ेरिया ने दिलाया भरोसा



जबलपुर।

एक तरफ जबलपुर में अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स में जहां मरीजों को विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं मिलनी शुरू हो गई हैं, वहीं हॉस्पिटल प्रबंधन ने समाज के सभी वर्गों तक आधुनिक चिकित्सा सेवाओं का लाभ पहुंचाने के लिए उनके बीच जाना भी शुरू कर दिया है। इस उद्देश्य को लेकर अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल के द्वारा लगातार संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 06 जून रविवार को अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स के द्वारा विजय नगर, कचनार सिटी, शिव नगर और शांति नगर में रहने वाले सिंधी समाज के सदस्यों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स के ऑडिटोरियम में आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में 'जबलपुर के चिकित्सा जगत से अपेक्षाएं' विषय पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। सिंधी समाज के वरिष्ठजनों ने जहां अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल का महानगरों की तरह चिकित्सा सुविधाएं देने के लिए आभार जताया और अपनी कई अपेक्षाएं जताईं, वहीं ग्लोबल ग्रुप के चेयरमैन सौरभ बरेड़िया ने भी जबलपुर के चिकित्सा जगत से अपेक्षाएं विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स सिंधी समाज के लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा और महानगरों की तरह जबलपुर और महाकौशल के लोगों के लिए महानगरों जैसी स्वास्थ्य सेवाएं दिलाने के अपने उद्देश्य को पूरा करने में हमेशा जुटा रहेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से

### सिंधी समाज के गणमान्य नागरिकों ने दिए सुझाव

सिंधी समाज के शिव तलरेजा, राज कुमार जसूजा, प्रकाश रोहरा, रीतेश मोटवानी, दीपक मंगलानी, नरेंद्र सोहांडा, रॉकी चैनानी, श्रीमती वंदना मंगलानी, सुमन जसूजा, शमुस्कान सचदेव, निखिल परियानी और रॉकी जसूजा समेत समाज के अन्य वरिष्ठजन, युवा तरुणाई एवं मातृ शक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. सुनील मिश्रा ने किया।

# सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करेंः कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में प्राथमिकता से कार्य करें और इसमें लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि 50 दिन से ऊपर की शिकायतों को गंभीरता से लेकर निराकरण करें और जिले की रैंकिंग सुधारें। कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को जो अधिकारी अटेंड नहीं किए हैं, उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केपीआई के संबंध में जो पैरामीटर निर्धारित हैं, उस पर कार्य करें और जिले का रैंक बढ़ाएं।

बैठक में जिला खेल अधिकारी की अनुपस्थिति पर सीईओ जिला पंचायत ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर सक्सेना ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने कार्यों को प्राथमिकता से करें और जिले के विकास में योगदान दें।

# मेडीकल यूनिवर्सिटी बंद होना अनैतिक व अनुचितः रादुविवि छात्र परिषद

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय छात्र परिषद ने राज्य सरकार द्वारा मेडिकल यूनिवर्सिटी बंद किये जाने के निर्णय को अनैतिक व अनुचित बताया है। छात्र परिषद के संयोजक, अधिवक्ता धीरज सिंह ठाकुर ने कहा कि जो भी विसंगतियां हैं उनको दूर किया जा सकता है। रादुविवि के कार्यभार को कम करने पृथक मेडीकल यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई है, आने वाले समय में कार्य का दबाव बढ़ेगा ऐसे में यूनिवर्सिटी का बंद किया जाना अनुचित है। जबलपुर यूनिवर्सिटी बचाने के लिए रादुविवि छात्र परिषद आंदोलन करेगी। परिषद के महेश बेन, अमित कोरी, नरेश मध्यानी, शिवराज सिंह, एड. विद्याशंकर शुक्ला, गोपाल हूंका, सौरभ जैन, एड. अभिषेक सिंह, विकास श्रीवास, एड. अखिलेश सिंह, दीपक सिंह राजपूत, एड. अंकित शर्मा, शैलेष नामदेव, आशीष भटकर, मुन्नू पटेल सहित अन्य ने मेडीकल यूनिवर्सिटी बंद किए जाने पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

# संत रविदासजी ने मानव समाज को अनमोल वचन दिए

**जबलपुर।** संत रविदास विचार मंच के मोहनलाल चौधरी ने बताया कि 06 जुलाई को कंधीलाल मास्टर के निवास सिद्धबाबा रोड हनुमान मंदिर के पास मंच की सभा आयोजित की गई, इस सभा के मुख्य अतिथि शारदा प्रसाद चौधरी रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि संत रविदास जी ने मानव समाज को अनमोल वचन दिए जो आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा दूसरों के अधीन रहने वाला व्यक्ति जानवर तुल्य है, क्योंकि वह मानसिक गुलाम है। सभा में कंधी मास्टर, अभिषेक चौधरी, सुखलाल, रामसिपाही सेठ, श्यामलाल चौधरी, लखन ख्वारे, डॉ. मानकलाल जाटव, सपना चौधरी, रियांश चौधरी, आजाद चौधरी, काजल आशा चौधरी, छोटीबाई, सियाबाई, मीनाबाई, रामबाई, सीताबाई, रामकली, चंदाबाई, नरबद बाई, लक्ष्मीबाई, श्यामबाई, गुड्डीबाई, द्रोपदीबाई, मोनू चौधरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय महाकौशल महाविद्यालय जबलपुर में 2-एमपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. अलकेश चतुर्वेदी ने छात्रों को पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण करने हेतु प्रेरित किया और यह भी कहा कि हम सभी का कर्तव्य बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरती को बनाए रखने में अपना योगदान दें जिससे पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलित रहे। साथ ही यह भी कहा कि पौधारोपण एक सामूहिक प्रयास है, पौधारोपण केवल पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमारे जीवन का भी एक अभिन्न अंग है। प्रो. अरुण शुक्ला ने भी पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इसके साथ ही साथ उन्होंने कहा कि हमें अपने किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत पौधारोपण के साथ करनी चाहिए, इससे हमें प्रकृति का आशीर्वाद मिलता है। डॉ. राजेश शामकुंवर द्वारा छात्रों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इसी क्रम में डॉ. रितु रानी ने कहा कि पौधारोपण या वृक्षारोपण से वायु प्रदूषण कम होता है तथा जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने, मिट्टी के कटाव को रोकने, जैव विविधता को बढ़ावा देने के लिए बहुत मददगार होता है। इस अवसर पर डॉ. मीनाक्षी मेरावी ने बताया कि शुद्ध हवा एवं वातावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। पौधारोपण के दौरान एनसीसी कैडेट ने पौधारोपण में बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण को संतुलित बनाये रखने के लिए संकल्पित हुए।

**आम सूचना**

मैं, संजय सिंह पिता श्री जवाहर सिंह निवासी 3577/1 कटरा अधारताल, जबलपुर मेरी पुत्री के अधारकार्ड में नाम सान्या सिंह SANYA SINGH व जन्मतिथी 22/10/2009 अंकित हो गया है जो की गलत है। मेरी पुत्री का सही नाम श्रेया सिंह SHREYA SINGH व जन्मतिथी 22/11/2009 है। जो सभी शैक्षणिक दस्तावेजो व जन्म प्रमाण पत्र पर अंकित हैं। अतः प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री को सही नाम से जाना पहचाना लिखा पढ़ा जावे।

गलत नाम व जन्मतिथी
नाम:- सान्या सिंह (SANYA SINGH)
जन्मतिथी : 22/10/2009
सही नाम व जन्म तिथी
नाम :- श्रेया सिंह (SHREYA SINGH)
जन्मतिथी :- 22/11/2009
भवदीय
संजय सिंह, एडवोकेट
पता- 3577/1 कटरा, अधारताल जबलपुर (म.प्र.)
मोबाईल नं.-8889955277

**न्यायालय नायब तहसीलदार महोदय अधारताल, जबलपुर (म.प्र.)**
रा.प्र.क्र./81/अ-6/2025-26
जबलपुर, दिनांक-4/7/25
**// आम इश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति डॉ. शिखा भटनागर पति स्व. श्री क्षितिज भटनागर, निवासी मकान नं. 2077, शीतला माई रोड़, नियर शीतला माई मंदिर, घमापुर गोरखपुर, जबलपुर के पति श्री क्षितिज भटनागर पिता श्री हरि भटनागर को उक्त भूमि मौजा बैतला, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर को उक्त भूमि मौजा बैतला, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 84/1 का भाग, प्लॉट नं. 6/84, रकवा 3000 वर्गफिट भूमि उनके नाना पी.एल. श्रीवास्तव (पूरनलाल श्रीवास्तव) पिता सी.एल. श्रीवास्तव मेम्बर ऑफ हिन्द गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, जबलपुर से दिनांक 01/06/1987 के माध्यम से प्राप्त हुई है। संलग्न लिंक विक्रय पत्र अनुसार श्री पूरनलाल श्रीवास्तव पुत्र सी. एल. श्रीवास्तव, निवासी घमापुर जबलपुर के द्वारा जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक 2056. दिनांक 20/08/1985 के माध्यम से विक्रेता श्री जगतार सिंह पुत्र श्री हरिसिंह, निवासी खमरिया, जबलपुर से क्रय किया गया। श्री जगतार सिंह पुत्र श्री हरिसिंह के द्वारा उक्त भूमि जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 30/11/1983 के माध्यम से विक्रेता हिन्द सहकारी आवास सोसायटी लिमिटेड द्वारा अध्यक्ष श्री राजेश अग्रवाल पुत्र गोपाल चंद अग्रवाल, निवासी 173 सराफा वार्ड, जबलपुर से क्रय किया गया। राजेश अग्रवाल पिता गोपाल चंद अग्रवाल के द्वारा जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक 5975. दिनांक 03/11/1983 के माध्यम से मूल विक्रेता श्री गोदावरी लाल पिता गणपतलाल, निवासी ब्यौहार बाग, जबलपुर फर्म शरण तिवारी पिता श्री कृष्ण चरन तिवारी, निवासी जबलपुर से क्रय किया गया। वर्तमान राजस्व अभिलेख मोजा बैतला के खसरा नं. 84/1, रकवा 0.3520 हे. के 233/352 भाग भूमि पर गोदावरी लाल पिता गनपत लाल, नवीन कुमार, प्रदीप कुमार पिता गोदावरी, निवासी जबलपुर का नाम दर्ज है। क्रेता श्री क्षितिज भटनागर पिता श्री हरि भटनागर का निधन दिनांक 13/09/2020 को हो गया है, जिनके वारिसानों में पत्नि श्रीमति डॉ. शिखा भटनागर, पुत्रगण अद्वितीया भटनागर, अद्विक भटनागर है, का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 18/7/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 04/07/2025
पेशी दिनांक - 18/07/2025
नायब तहसीलदार,
तहसील अधारताल जबलपुर (म.प्र.)

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./सं.अधि./सं.क्र.5/2025-26/34
दिनांक:- 07/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति शकुन्तला जैन पति श्री सुभाष जैन ने भवन क्र. 707/1 वार्ड जवाहरगंज क्षैत्रफल 645 वर्गफुट भूतल 645 वर्गफुट आवासीय, प्रथमतल 645 वर्गफुट आवासीय, द्वितीय तल 645 वर्गफुट आवासीय तबादलानामा माननीय न्यायालय के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 701/1 पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी श्री दयाचंद जैन पिता श्री बाबूलाल जैन पिन नं.1000393214/41500978 पर जिस किसी को भी उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं. 05
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./सं.अधि./सं.क्र.5/2025-26/33
दिनांक:- 07/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रवीण कुमार जैन पिता स्व. श्री दयाचंद जैन ने भवन क्र. 636 वार्ड जवाहरगंज क्षैत्रफल 610 वर्गफुट, भूतल 610 वर्गफुट आवासीय, प्रथमतल 610 वर्गफुट आवासीय, द्वितीय तल 610 वर्गफुट आवासीय तबादलानामा माननीय न्यायालय के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 636 पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी श्रीमति शकुन्तला जैन पति श्री सुभाष जैन पिन नं. 1000392523/42001212 पर जिस किसी को भी उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं. 05
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्रं 11/2025-26/ दिनांक 07/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनीष सिंह राजपूत पिता श्री रंजीत सिंह राजपूत ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 106,107 दत्त टाउनशिप तिलहरी सम्पत्ति पिन क्रमांक 1002983203 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 2300 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 1700 वर्गफुट RCC प्रथम तल 500 वर्गफुट RCC विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री कर्नल नीरज झा पिता स्व. श्री रतिराम झा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्रं 11/2025-26/ दिनांक 07/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति नोरीन बैंजामिन पति स्व. श्री वीरेन्द्र सिंह ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम जवाहर लाल नेहरू के भवन क्रमांक 318/1 सी.एम.एस.चर्च कम्पाउण्ड सम्पत्ति पिन क्रमांक 1000429033 पर निर्मित भूतल 1500 वर्गफुट RCC प्रथम तल 1500 वर्गफुट RCC, द्वितीय तल 300 वर्गफुट RCC शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री बी. वीरेन्द्र सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर